दिनांक : 19.03.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

राजनाथ सिंह-रक्षा सम्मेलन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा हे कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम-एमएसएमई देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर से राज्य स्तरीय 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान आगामी 30 जून तक चलेगा। इस वर्ष सरकार ने करीब 2500 करोड़ रुपये की लागत से जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और नए निर्माण का लक्ष्य रखा है। अभियान के तहत प्रदेश भर में 10 हजार से अधिक चेक डैम और स्टॉप डैम की मरम्मत की जाएगी। इस अभियान में राज्य शासन के 18 विभाग मिलकर काम करेंगे।

मुख्यमंत्री शाम को उज्जैन में देवास रोड पर 8 दशमलव 30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व आज से पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गया है। प्रदेश के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में तड़के से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेशवासियों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी है।

आगरमालवा जिले में आज घट स्थापना के साथ नवरात्री शुरु हो गई है। जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मन्दिर सहित माता मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई है। **शिवपुरी** जिले में भी चैत्र नवरात्र की शुरूआत आज से हो गई है। आज से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्र में विभिन्न

माता मंदिरों पर मेले लगेंगे। **नर्मदापुरम** में पहले दिन श्रद्धालुओं ने घट स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। वही **जबलपुर** में पहले दिन मंदिरों में विधि-विधान से घट स्थापना के साथ ज्वारे बोए गए हैं। **छिंदवाड़ा** स्थित हिंगलाज माता मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आदिशक्ति माता हिंगलाज विराजमान हैं।

विक्रमोत्सव'-प्रदेश

आज चैत्र प्रतिपदा और गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर प्रदेशभर में 'विक्रमोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सामूहिक सूर्य उपासना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का आह्वान करेंगे। मुख्यमंत्री स्वयं भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित मुख्य समारोह में सम्मिलित होंगे। इस दौरान सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा पहुँचाने के लिए सभी जिलों में विशेष 'सम्राट विक्रमादित्य' नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर में, जबकि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल क्रमशः मंदसौर और रीवा के कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। कटनी में भारतीय नव वर्ष सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत के आरंभ और गुड़ी पड़वा के अवसर पर बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में भव्य 'विक्रमोत्सव' मनाया जाएगा। ऑडिटोरियम में नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन भी किया गया।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। प्रदेश में दो ट्रफ लाइन और एक साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय होने से मौसम का स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन गया है, जिसका प्रभाव अगले 72 घंटों तक जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित 36 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में :-

- कटनी नगर निगम की निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक में अमृत 1.0 एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज एवं सेप्टेज प्रोजेक्ट कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

- वही रायसेन में भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में 'वर्ष प्रतिपदा उत्सव' का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय 'वन परिसर, सागर तिराहा' में किया गया।
- भोपाल में आज दाऊदी बोहरा समाज ने अकीदत के साथ ईदुल फित्र का त्यौहार मनाया। शहर में मौजूद बोहरा समाज की मस्जिदों और मरकजों में ईद उल फितर की विशेष नमाज अदा की गई। ईद को लेकर बोहरा समाज के मोहल्लों में सुबह से ही चहल-पहल थी।